## हिरदागढ़ में झोलाछाप डॉक्टरों का नेटवर्क सक्रिय!

# ग्रामीणों की जान से हो रहा खिलवाड़

**जुन्नारदेव, देशबन्धु ।** जुन्नारदेव विकासखंड के अंतर्गत आने वाले हिरदागढ़ क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टरों का कारोबार लगातार फल-फूल रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि बिना मान्यता, बिना चिकित्सकीय योग्यता और बिना वैध पंजीयन के कई लोग खुलेआम मरीजों का इलाज कर रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग मूकदर्शक बना हुआ है। इससे स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में वर्षों से ऐसे कथित डॉक्टर क्लीनिक संचालित कर रहे हैं। बुखार, सर्दी-जुकाम, पेट दर्द से लेकर गंभीर बीमारियों तक का इलाज किया जा रहा है। कई जगह मरीजों को इंजेक्शन, ग्लूकोज और दवाइयां भी दी जा रही हैं। यदि इलाज में किसी प्रकार की लापरवाही होती है तो उसकी कीमत मरीजों को अपनी जान देकर चुकानी पड़ सकती है।

**कार्रवाई होती है, लेकिन असर नहीं दिखता-** स्थानीय लोगों का आरोप है कि समय-समय पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा जांच और कार्रवाई की बात कही जाती है, लेकिन



### स्वास्थ्य विभाग की निष्क्रियता पर उठे सवाल

यह कार्रवाई केवल औपचारिकता तक सीमित रह जाती है। कुछ दिनों तक जांच की चर्चा रहती है, फिर वही झोलाछाप डॉक्टर पहले की तरह अपना क्लीनिक खोलकर मरीजों का इलाज शुरू कर देते हैं। इससे यह सवाल उठ रहा है कि आखिर इन लोगों को किसका संरक्षण प्राप्त है।

**ग्रामीणों में बढ़ रहा आक्रोश-**क्षेत्रवासियों का कहना है कि यदि समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई तो किसी बड़ी घटना से इनकार नहीं किया जा सकता। उनका कहना है कि गरीब और ग्रामीण लोग मजबूरी में ऐसे लोगों के पास इलाज कराने पहुंचते हैं, जिससे उनके स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा बना रहता है।

**जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका पर सवाल -** ग्रामीणों ने सवाल उठाया है कि जब स्वास्थ्य विभाग को क्षेत्र में संचालित ऐसे क्लीनिकों की जानकारी है, तो फिर उनके खिलाफ स्थायी कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही। लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जुन्नारदेव, ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी तथा जिला स्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि पूरे क्षेत्र में विशेष अभियान चलाकर झोलाछाप डॉक्टरों की पहचान की जाए और नियमों के तहत उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

**लोगों की निगाहें प्रशासन पर-** अब पूरे क्षेत्र की निगाहें स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन पर टिकी हैं। देखना होगा कि जिम्मेदार अधिकारी झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ केवल दिखावटी कार्रवाई करते हैं या फिर अवैध रूप से संचालित क्लीनिकों को बंद कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करते हैं।

## राष्ट्रीय पर्व की बैठक बनी महज औपचारिक

**जुन्नारदेव, देशबन्धु।** जनपद पंचायत के सभा कक्ष में आगामी स्वतंत्रता दिवस राष्ट्रीय पर्व के आयोजन को लेकर एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय पर्व के गरिमामय एवं भव्य आयोजन हेतु रूपरेखा तैयार करना था, लेकिन प्रशासनिक अनदेखी और उदासीनता के चलते यह महत्वपूर्ण बैठक महज एक औपचारिकता बनकर रह गई। बैठक के दौरान कार्यक्रम के सफल संचालन, झंडावंदन, सांस्कृतिक आयोजनों तथा सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा तो की गई, परंतु ठोस योजनाओं और निर्णयों का अभाव साफ नजर आया। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों का कहना है कि राष्ट्रीय पर्व जैसे महत्वपूर्ण अवसर पर जिस गंभीरता और तैयारी की उम्मीद की जाती है, वह इस बैठक में दिखाई नहीं दी। अधिकारियों और कर्मचारियों की औपचारिकता पूरी करने की मंशा के कारण बैठक बिना किसी विशेष रणनीति के समाप्त हो गई। बैठक में प्रशासनिक अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि पत्रकार गण गण उपस्थित रहे ।

# पिंजरे में घुसे जहरीले सांप ने तोते को डसा

## पालतू तोता बना परिवार का रक्षक, शोर सुनकर जागा परिवार

**छपारा, देशबन्धु।** नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत ग्राम देवरी कला में गत दिनों 4 अगस्त की रात लगभग 12 बजे एक ऐसा घटनाक्रम सामने आया, जिसने सभी को हैरान कर दिया। ग्राम के देवी मंदिर के सामने रहने वाले सुभाष पंचेश्वर के घर में एक कोबरा (नाग) प्रजाति का अत्यंत विषैला सांप घुस गया। उस समय परिवार के सभी सदस्य गहरी नींद में थे, किंतु घर के पालतू तोते को वजह से कोई भी जनहानि नहीं हुई।



पंचेश्वर परिवार के लोगों के अनुसार घर में पले हुए मिट्ठू के पिंजरे में कोबरा घुस गया। सांप को देखते ही तोते ने खतरा भांप लिया और जोर-जोर से आवाज करने लगा। तोते की आवाज सुनकर परिवार के सभी सदस्य जाग गए। जब उन्होंने देखा तो पिंजरे के भीतर जहरीला सांप मौजूद था। इस दौरान सांप ने तोते को डंस लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। वहीं घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र में सर्प मित्र के रूप में सेवा दे रहे शिवम मुड़िया मौके पर पहुंचे। उन्होंने सावधानीपूर्वक रेस्क्यू कर कोबरा को पकड़ा और सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया।

साथ ही घटना की जानकारी मिलते ही गांव में बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए। परिवार अपने पालतू मिट्ठू की मौत से दुखी था, किंतु वहीं उनका मानना है कि यदि तोता शोर नहीं मचाता तो परिवार में कोई भी बड़ी दुर्घटना का शिकार हो सकता था। क्षेत्र में इस घटना की चर्चा बनी हुई है और लोग इसे संयोग के साथ-साथ एक बड़ी सीख भी मान रहे हैं। इसके साथ ही जानकारों का कहना है कि बरसात के मौसम में सांपों के घरों में प्रवेश की घटनाएं बढ़ जाती हैं। यदि घर या आसपास सांप दिखाई दे तो घबराएं नहीं, उसे मारने का प्रयास न करें। सुरक्षित दूरी बनाए रखें और तत्काल प्रशिक्षित सर्प मित्र या वन विभाग को सूचना दें। घर के आसपास साफ-सफाई रखें, अनाज, कबाड़ और झाड़ियों को हटाएं तथा रात के समय टॉर्च का उपयोग करें। थोड़ी-सी सावधानी से बड़ी दुर्घटना को टाल जा सकता है।

## सार-समाचार

### कलमबंद हड़ताल से प्रभावित होंगे राजस्व कार्य

**जुन्नारदेव, देशबन्धु ।** मध्य प्रदेश पटवारी संघ के आह्वान पर प्रदेशभर के लगभग 20 हजार पटवारी सोमवार से अपनी 5 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन कलमबंद हड़ताल पर चले गए हैं। छिन्दवाड़ा जिले के सभी तहसीलों के पटवारियों ने भी हड़ताल में शामिल होकर शासकीय कार्यों से दूरी बना ली है। इससे राजस्व विभाग के कई महत्वपूर्ण कार्य पूरी तरह प्रभावित हो गए हैं। पटवारी संघ लंबे समय से कैडर रिव्यू, पदोन्नति, वेतन विसंगति, सुरक्षा, लंबित मानदेय के भुगतान, स्थानांतरण नीति में सुधार और भर्ती नियमों में बदलाव जैसी मांगों को लेकर आंदोलनरत है। संघ ने पहले चरणबद्ध आंदोलन चलाया, जिसमें ज्ञापन, सामूहिक अवकाश, काली पट्टी बांधकर कार्य, केवल राजस्व कार्य करना और ऑनलाइन सेवाएं बंद करना शामिल था। अब मांगें पूरी नहीं होने पर अनिश्चितकालीन कलमबंद हड़ताल शुरू कर दी गई है। पटवारी संघ अध्यक्ष रवि नागोद ने बताया कि सभी पटवारी हड़ताल पर हैं। इसके कारण नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, गिरदावरी, किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) से जुड़े कार्य सहित अन्य राजस्व सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। उन्होंने कहा कि पटवारियों के बिना राजस्व व्यवस्था सुचारु रूप से संचालित नहीं हो सकती और शासन की उदासीनता के कारण यह आंदोलन करना पड़ रहा है। पटवारी संघ ने स्पष्ट किया है कि यदि सरकार ने जल्द उनकी मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। वहीं हड़ताल के चलते किसानों और आम नागरिकों को राजस्व संबंधी कार्यों के लिए परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। वही 3 तारीख से पटवारियों ने बस्ता तहसील में सौंपा और हड़ताल पर चले गए तहसील कार्यालय के सभी शिव मंदिर परिसर में सभी पटवारियो ने एकजुट होकर हड़ताल में बैठे और आगे के लिए रणनीति तैयार की।



### शासकीय महाविद्यालय में मेरा भारत पंजीकरण अभियान आयोजित

**छपारा, देशबन्धु।** जिला युवा अधिकारी, मेरा युवा भारत, सिवनी प्रांजल अग्रवाल के निर्देशानुसार मेरा युवा भारत पंजीकरण अभियान के अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय छपारा में विशेष पंजीकरण अभियान आयोजित किया गया। अभियान का संचालन छपारा ब्लॉक प्रतिनिधि राजेश्वरी तंतुवाय द्वारा किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को मेरा भारत पोर्टल पर पंजीकरण की प्रक्रिया, स्वयंसेवा, नेतृत्व विकास तथा भारत सरकार द्वारा युवाओं के लिए संचालित विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक पंजीकरण कराया तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी का संकल्प लिया। ब्लॉक प्रतिनिधि राजेश्वरी तंतुवाय ने युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में मेरा भारत से जुड़ने का आह्वान किया और बताया कि यह मंच युवाओं को समाज सेवा, कौशल विकास एवं नेतृत्व के अवसर प्रदान करता है। जिसमें शिक्षक मुकेश भंगारे एवं समस्त छात्र छात्राओं का सहयोग प्राप्त हुआ।

# तहसील अधिवक्ता संघ के निर्विरोध चुनाव संपन्न

**करेली, देशबन्धु ।** तहसील अधिवक्ता संघ करेली के चुनाव सौहार्दपूर्ण वातावरण में निर्विरोध संपन्न हो गए। चुनाव प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने अपने पदों के दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने तथा अधिवक्ता संघ के हितों की रक्षा एवं गरिमा बनाए रखने की शपथ ली। जिसमे विवेक कुमार खासकलम को अध्यक्ष पद के लिए चुना गया। इसी प्रकार महेंद्र प्रताप पाराशर वरिष्ठ उपाध्यक्ष, आशुतोष नेमा कनिष्ठ उपाध्यक्ष, वेदांत विश्वकर्मा सचिव, अमित उपाध्याय सहसचिव, प्रदीप सोनी कोषाध्यक्ष और वैभव नेमा लाइब्रेरियन पद पर निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए।



चुनाव अधिकारी संजय स्थापक ने निर्वाचन परिणाम की औपचारिक घोषणा करते हुए बताया कि सभी पदों पर एक-एक वैध नामांकन प्राप्त होने के कारण निर्वाचन निर्विरोध संपन्न कराया गया। वही नव निर्वाचित अध्यक्ष विवेक कुमार खासकलम ने कहा कि अधिवक्ता संघ की गरिमा, अधिवक्ताओं के अधिकारों की रक्षा, न्यायिक कार्यों में सहयोग तथा युवा अधिवक्ताओं के मार्गदर्शन को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने संघ भवन की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने, पुस्तकालय सुविधाओं के विस्तार तथा अधिवक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए सामूहिक प्रयास करने का संकल्प व्यक्त किया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेंद्र प्रताप पाराशर ने अधिवक्ताओं के बीच समन्वय और पारस्परिक सहयोग की भावना को और मजबूत करने पर बल दिया।

कनिष्ठ उपाध्यक्ष आशुतोष नेमा ने कहा कि अधिवक्ता समाज की एकता ही संघ की सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने युवा अधिवक्ताओं को न्यायिक कार्यों में दक्ष बनाने, वरिष्ठ अधिवक्ताओं के अनुभव का लाभ पहुंचाने तथा अधिवक्ताओं की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर उठाने का संकल्प व्यक्त किया। सचिव वेदांत विश्वकर्मा ने संघ की गतिविधियों को सक्रिय एवं पारदर्शी ढंग से संचालित करने की बात कही। उपस्थित अधिवक्ताओं ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों का पुष्पहार पहनाकर एवं शुभकामनाएं देकर स्वागत किया।

# नपा की वित्तीय स्थिति बदहाल, कर्मचारियों को तीन महीने से नहीं मिला वेतन



### कर वसूली ठप होने से चरमराया निकाय का ढांचा, अति-आवश्यक नागरिक सेवाएं ठप, मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने जबलपुर संभाग के संयुक्त संचालक को पत्र लिखकर मांगी विशेष अनुदान निधि

**गोटेगांव, देशबन्धु।** नगर पालिका परिषद इस समय अपने सबसे गंभीर वित्तीय संकट के दौर से गुजर रही है। आय के मुख्य स्रोत पूरी तरह सूख जाने के कारण निकाय की माली हालत इस कदर डांवाडोल हो चुकी है कि कर्मचारियों और अधिकारियों को बीते तीन महीनों से वेतन तक नहीं मिल सका है। लंबे समय से बकाए भुगतान के चलते कर्मचारियों के परिवारों के सामने भरण-पोषण का गंभीर संकट खड़ा हो गया है।

मामले की गंभीरता और नगर की व्यवस्थाओं को पटरी पर लाने के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) ने मोर्चा संभालते हुए नगरीय प्रशासन एवं विकास, जबलपुर संभाग के संयुक्त संचालक को पत्र भेजकर तत्काल 'विशेष वित्तीय सहायता' की गुहार लगाई है।

**भारी-भरकम संपत्तिकर दरें बनीं वसूली में रोड़ा -** संयुक्त संचालक को भेजे गए पत्र में सीएमओ ने स्पष्ट किया है कि गोटेगांव में वर्तमान में लागू संपत्तिकर की दरें अत्यधिक हैं। कर की दरें अव्यावहारिक और अधिक होने के कारण आम नागरिक समय पर अपने करों का भुगतान नहीं कर पा रहे हैं। चूंकि संपत्तिकर की वसूली ही नगर निकाय की आय का मुख्य आधार होती है, इसलिए राजस्व में आई इस भारी गिरावट ने पूरे निकाय के वित्तीय ढांचे की कमर तोड़कर रख दी है।

**सफाई और प्रकाश जैसी बुनियादी सेवाएं प्रभावित -** बजट के अभाव और कर्मचारियों के बढ़ते असंतोष का सीधा असर अब शहर की बुनियादी सुविधाओं पर दिखाई देने लगा है। नगर में साफ-सफाई की व्यवस्था चरमरा गई है, कई वार्डों में कचरे के ढेर लगे हैं और पथ-प्रकाश (स्ट्रीट लाइट) की व्यवस्था बाधित हो रही है। यदि समय रहते आर्थिक स्थिति नहीं सुधरी, तो आने वाले दिनों में शहर की आवश्यक सेवाएं पूरी तरह ठप होने की आशंका है।

**विशेष अनुदान मिलने पर ही मिलेगी राहत -** मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने जबलपुर संभाग के उच्च अधिकारियों से नगर पालिका परिषद गोटेगांव को जल्द से जल्द 'विशेष अनुदान निधि' स्वीकृत कर जारी करने की पुरजोर मांग की है।

प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, यदि राज्य शासन या संभाग स्तर से राहत राशि तुरंत जारी कर दी जाती है, तो सबसे पहले कर्मचारियों के बकाए वेतन का भुगतान किया जाएगा, जिससे नगर की दैनिक और अति-आवश्यक सेवाओं को पुनः सुचारू रूप से बहाल किया जा सके।

**बड़ा सवाल -** क्या उच्चाधिकारी गोटेगांव की इस चरमराती प्रशासनिक व्यवस्था को उबारने के लिए तुरंत विशेष बजट आवंटित करेंगे, या कर्मचारियों का आक्रोश और ठप होती नागरिक सेवाएं शहर में नए जन-आंदोलन का कारण बनेंगी?

# सेवानिवृत्ति अवसर पर विदाई महोत्सव की पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित

**छपारा, देशबन्धु।** एक अगस्त को जनशिक्षा केन्द्र भीमगढ़ वि.खं. छपारा अंतर्गत शास. प्राथ. शाला देवरीमाल में कार्यरत खिम्मूलाल चौकसे प्राथमिक शिक्षक (से.नि.दि. 30-06-2026) एवं शास. प्राथ. शाला खापा में कार्यरत राजकुमारी सरयाम सहा. शिक्षक (से.नि.दि. 31-07-2026) के सेवानिवृत्ति अवसर पर विदाई महोत्सव की पुष्पांजलि का कार्यक्रम आयोजित किया गया।



कार्यक्रम का प्रारंभ अतिथियों की उपस्थिति के उपरांत सरस्वती पूजन से किया गया। इसके उपरांत अतिथियों का, सेवा निवृत्त कर्मचारी एवं उनके परिवार के सदस्यों का स्वागत तिलक एवं पुष्पहारों से किया गया। श्री आमदे द्वारा दोनों शिक्षकों के अभिनंदन पत्र का वचन कर जन शिक्षा केंद्र के सभी शिक्षकों की ओर से साल, श्री फल, उपहार भेंट किया गया। सभी उपस्थित अतिथियों द्वारा उद्बोधन दिया गया दोनों शिक्षकों द्वारा भी अपने सेवाकाल के बारे में बताया गया। उनके द्वारा भी जन शिक्षा केंद्र के समस्त शिक्षकों को एक उपहार भेंट किया गया।

**ये रहे उपस्थित-**

कार्यक्रम में कार्यक्रम के अध्यक्ष जन शिक्षा केंद्र भीमगढ़ प्रभारी आर. के. डेहरिया, मुख्य अतिथि बी.आर.सी. कार्यालय से बीआरसीसी श्री ठाकुर, बीएससी श्री तिवारी , श्री इनवाती, श्री सनोडिया, श्री नाग विशिष्ट अतिथि एस. के. राजपूत शा. उ. मा. शा. कौड़ियामाल, जनपद सदस्य तौफीक खान, एस.के. अवस्थी (प्र.पा.) एवं एवं जन शिक्षा केंद्र भीमगढ़ अंतर्गत सभी शालाओं से संस्था प्रमुख एवं शिक्षक शिक्षिकाओं की उपस्थिति सराहनीय रही। कार्यक्रम का आयोजन की रूपरेखा में मुख्य भूमिका जन शिक्षक प्रकाश श्रीवास्तव, विनोद साहू एवं आर. के. आमदे द्वारा किया गया। अंत में सफल कार्यक्रम के लिये सभी अतिथियों, शिक्षकों का आभार व्यक्त किया गया।

## दैनिक राशिफल

**शुक्रवार 07 अगस्त 2026 का पंचांग विक्रम संवत् 2083, शक संवत 1948 हिजरी 1447, श्रावण कृष्ण पक्ष की नवमी, नक्षत्र-कृतिका**

मेष - आज के दिन अपने निजी विचारों को छोडकर दूसरों के विचारों को अपनाने की जरुरत है। घर तथा परिजनों के काम करते समय समाधानकारी व्यवहार अपनाना उचित रहेगा।

वृषभ - आज आप आर्थिक जिम्मेदारियों के प्रति ध्यान देंगे तथा कहीं निवेश की योजना भी बना सकेंगे। आर्थिक लाभ होने की संभावना हैं।

मिथुन - आपकी वाणी और व्यवहार से किसी के साथ गलतफहमी होने की संभावना है। परिवार के सदस्यों के साथ भी व्यवहार में सावधानी रखनी पड़ेगी। दुर्घटना या बीमारी से बचना होगा।

कर्क - आप का दिन आनंद और उल्लास में गुजरेगा। व्यापार में लाभ होगा। आय के स्रोत में बढ़ोतरी हो सकती है। मित्रों से हुई मुलाकात से आनंद का अहसास होगा।

सिंह - आज कार्यक्षेत्र में आप प्रभावी होंगे। उच्च अधिकारियों पर आपके काम का सकारात्मक असर होगा, इससे वे आप पर प्रसन्न रहेंगे।

कन्या - आज आप का दिन बहुत शुभ है। धार्मिक कार्य एवं यात्रा के लिए समय अनुकूल है। मित्रों एवं सम्बंधियों से हुई मुलाकात के कारण आनंद होगा। मित्रों से लाभ होगा।

तुला - आज आप नए काम की शुरुआत ना ही करें। भाषा और व्यवहार पर संयम रखने से आपको लाभ होगा। गुप्त शत्रु आपको परेशान कर सकते हैं। तबियत का ध्यान रखें।

वृश्चिक - आज आपका दिन कुछ अलग तरीके से गुजरेगा। खुद के लिए आप समय निकाल सकेंगे। दोस्तों के साथ घूमना-फिरना, मौज-मस्ती, मनोरंजन, आदि से आप बहुत आनंदित रहेंगे।

धनु - आज आपके लिए आर्थिक लाभ का दिन है। घर में शांति और आनंद का वातावरण रहेगा। इससे आपका मन प्रसन्न रखेगा। नौकरी करने वाले लोगों को लाभ मिलेगा।

मकर - जो लोग कला और साहित्य में रुचि रखते हैं, वे अपनी प्रतिभा अच्छी तरह प्रदर्शित कर सकेंगे।सृजनशक्ति और रचनात्मकता को अच्छी तरह लोगों के समक्ष पेश कर सकेंगे।

कुंभ - आप अत्यधिक भावुक बनेंगे, इस कारण भय का अनुभव होगा। आर्थिक योजना अच्छी तरह से बना सकेंगे। माता की तरफ से आपको लाभ होगा।

मीन - आज का दिन काम में सफलता पाने और महत्वपूर्ण निर्णय लेने के लिए अनुकूल है। आपके विचारों में स्थिरता रहेगी। सभी काम अच्छी तरह पूरा कर सकेंगे।

1,6,3,9-16,64,32,95,42,50,89,01

# कानून की जानकारी से जागरूक बनेंगे विद्यार्थी

**गोटेगांव, देशबन्धु ।** तहसील विधिक सेवा समिति, गोटेगांव द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नरसिंहपुर के निर्देशानुसार गुरुवार को श्री बाबा श्री विद्यालय, गोटेगांव में विद्यार्थियों के लिए विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में छात्र-छात्राओं को कानून संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां देकर उन्हें जागरूक नागरिक बनने का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता तहसील विधिक सेवा समिति की अध्यक्ष एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रियंबदा एस. राजोरिया ने की। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य, प्रबंधक, विधिक सेवा कर्मचारी, पैरालीगल वॉलंटियर गोपाल व्योहार सहित विद्यालय का स्टाफ एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। शिविर में



### श्री बाबा श्री विद्यालय में लगा विधिक साक्षरता शिविर

विद्यार्थियों को पॉक्सो अधिनियम, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, साइबर अपराधों से बचाव, ट्रैफिक सिग्नल एवं सड़क सुरक्षा नियमों की विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही नियमों का उल्लंघन करने पर होने वाली कानूनी कार्रवाई से भी अवगत कराया गया।

न्यायिक मजिस्ट्रेट ने विद्यार्थियों से कहा कि वे अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों के प्रति भी सजग रहें तथा किसी भी प्रकार की कानूनी समस्या या अपराध की स्थिति में बिना संकोच संबंधित अधिकारियों से संपर्क करें। उन्होंने छात्राओं को विशेष रूप से अपनी सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने और कानून द्वारा उपलब्ध संरक्षण का लाभ उठाने की सलाह दी।

शिविर के अंत में विद्यार्थियों से कानून का सम्मान करते हुए जिम्मेदार एवं जागरूक नागरिक बनने का आह्वान किया गया।

# ब्रजभूमि में आस्था के रंग में दिखे विधायक महेन्द्र नागेश

**गोटेगांव, देशबन्धु ।** गोटेगांव विधानसभा के विधायक महेन्द्र नागेश ने अपने ब्रज प्रवास के दौरान श्रीधाम वृंदावन और गोवर्धन पहुंचकर भगवान श्रीकृष्ण की लीलास्थली में दर्शन-पूजन किया। उन्होंने श्रद्धाभाव से गिरिराज महाराज की परिक्रमा कर प्रदेश और गोटेगांव विधानसभा क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति, उत्तम स्वास्थ्य और सर्वांगीण विकास की कामना की।





ब्रजभूमि प्रवास के दौरान विधायक नागेश ने गोवर्धन पर्वत की पवित्र परिक्रमा कर गिरिराज महाराज के श्रीचरणों में नमन किया। इसके बाद वे विश्वविख्यात श्री बांके बिहारी मंदिर पहुंचे, जहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर ठाकुरजी का आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने प्रदेश में खुशहाली, किसानों की समृद्धि, युवाओं के उज्ज्वल भविष्य तथा गोटेगांव क्षेत्र के निरंतर विकास के लिए विशेष प्रार्थना की।

विधायक नागेश ने कहा कि ब्रजभूमि केवल आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा की जीवंत धरोहर है। यहां का आध्यात्मिक वातावरण प्रत्येक श्रद्धालु को नई ऊर्जा और सकारात्मक सोच प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि ईश्वर की कृपा से प्रदेश विकास के नए आयाम स्थापित करे और गोटेगांव विधानसभा जनकल्याण के कार्यों में निरंतर आगे बढ़े।

**इनका कहना हैं -** ब्रजभूमि में भगवान गिरिराज महाराज और ठाकुर श्री बांके बिहारी जी के दर्शन-पूजन का सौभाग्य जीवन के सबसे पावन क्षणों में से एक है। प्रभु से यही प्रार्थना है कि मध्य प्रदेश निरंतर प्रगति करे और गोटेगांव विधानसभा सुख, समृद्धि एवं विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचे।

**महेन्द्र नागेश**
विधायक, गोटेगांव